छत्तीसगढ़ शासन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
(COVID-19)

# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति - 19 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 69 हजार 402 सैम्पलों की हुई जांच, पॉजिटिविटी दर 8 प्रतिशत पर पहुंची

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 19 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 8 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 69 हजार 402 सैंपलों की जांच में से 5680 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## राज्य के 45 वर्ष से अधिक आयु समूह के 75 प्रतिशत व्यक्तियों को दी गई कोविड वैक्सीन की पहली डोज

- राज्य में 45 वर्ष से अधिक आयु समूह व्यक्तियों को 75 प्रतिशत को कोविड वैक्सीन की पहली डोज दी जा चुकी है। राज्य में कुल 58 लाख 66 हजार 599 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की संख्या है जिनमें से 43 लाख 83 हजार 512 को कोविड वैक्सीन का पहला टीका लगया जा चुका है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला महासमुंद के 223231, रायगढ़ के 328924, धमतरी के 158486, कांकेर के 125193, बालोद के 155490 लोगों को पहला टीका लगाया जा चुका है।

## प्रदेश के 11 वायरोलॉजी लैब में 350 लोगों की टीम ने जांचे 20 लाख से अधिक सैंपल
## प्रदेश में हुए कुल आरटीपीसीआर जांच का 90 प्रतिशत इन लैबों में हुआ

- कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए प्रदेश में संचालित 11 वायरोलॉजी लैब में अब तक (18 मई तक) 20 लाख 19 हजार 088 सैंपलों की आरटीपीसीआर जांच की गई है। यह प्रदेश में कोरोना संक्रमण की शुरूआत के बाद से हुए कुल आरटीपीसीआर जांच का 90 प्रतिशत है। इन लैबों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंचने वाले सैंपलों की जांच में 350 लोगों की टीम लगी हुई है जो कोरोना संक्रमण के खतरों के बीच दिन-रात अलग-अलग पालियों में काम कर लगातार जांच कर रहे हैं।

- एम्स रायपुर सहित प्रदेश के नौ शासकीय मेडिकल कॉलेजों रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायगढ़, अंबिकापुर, कोरबा, महासमुंद और कांकेर तथा कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में स्थापित वॉयरोलॉजी लैबों में 20 माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट, पांच सीनियर सांइटिस्ट, सात जूनियर साइंटिस्ट, 164 लैब टेक्नीशियन, 61 लैब अटेंडेंट और 70 डॉटा-एन्ट्री ऑपरेटर इस काम में लगे हुए हैं।

## छत्तीसगढ़ में एक सप्ताह में 77287 कोरोना मरीज स्वस्थ हुए प्रदेश की रिकवरी दर बढ़कर 89 प्रतिशत हुई, सप्ताह भर में पॉजिटिविटी दर 14 प्रतिशत से 9 प्रतिशत पर पहुंची

- छत्तीसगढ़ में पिछले एक सप्ताह (12 मई से 18 मई) में 77 हजार 287 मरीज कोरोना से स्वस्थ हुए हैं। यह इस दौरान प्रदेश में मिले नए कोरोना संक्रमितों से 24 हजार 816 अधिक है। राज्य शासन द्वारा कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रभावी उपायों से रिकवरी दर लगातार बढ़ रही है। अभी प्रदेश की रिकवरी दर 89 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पॉजिटिविटी दर भी लगातार घट रही है। पिछले सप्ताह की शुरूआत में 12 मई को प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 14 प्रतिशत थी, जो घटते-घटते 18 मई को नौ प्रतिशत पर पहुंच गई है।

## आज दिनांक 19 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 6,31,337 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 785 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 42,936 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 3487, बीपीएल के 16907, एपीएल के 19714, फ्रंटलाइन वर्कर के 2828 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

* डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीज ले सकते है। प्रतिदिन समय सुबह **10:30 से 11:30** बजे, अवकाश दिवस को छोड़कर। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09
Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890079 जानकारी ली जा सकती है।

# कोविड-19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 5680 |
| | | कुल | 931211 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 1366 |
| | | कुल* | 144765 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 8082 |
| | | कुल* | 688396 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 9448 |
| | | कुल | 833161 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 85868 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल - 146 | कोविड-19 | 69 |
| | | को-मॉर्बिडिटी के साथ | 77 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 69,402

# छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 19-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 154 | 94572 | 67 | 13161 | 386 | 76808 | 89969 | 2904 | 8 | 1699 |
| 2 | राजनांदगांव | 112 | 54890 | 56 | 12052 | 353 | 40214 | 52266 | 2146 | 4 | 478 |
| 3 | बालोद | 116 | 25601 | 128 | 7966 | 234 | 15424 | 23390 | 1868 | 6 | 343 |
| 4 | बेमेतरा | 101 | 19159 | 20 | 3135 | 151 | 14385 | 17520 | 1418 | 5 | 221 |
| 5 | कबीरधाम | 86 | 21882 | 27 | 2171 | 332 | 17127 | 19298 | 2344 | 3 | 240 |
| 6 | रायपुर | 309 | 153919 | 271 | 27724 | 222 | 117996 | 145720 | 5175 | 9 | 3024 |
| 7 | धमतरी | 128 | 24872 | 45 | 2218 | 249 | 20027 | 22245 | 2144 | 4 | 483 |
| 8 | बलौदाबाजार | 317 | 39546 | 17 | 7834 | 357 | 26434 | 34268 | 4873 | 9 | 405 |
| 9 | महासमुंद | 133 | 29244 | 27 | 3580 | 409 | 22197 | 25777 | 3153 | 3 | 314 |
| 10 | गरियाबंद | 107 | 18428 | 13 | 3280 | 140 | 13119 | 16399 | 1855 | 1 | 174 |
| 11 | बिलासपुर | 204 | 63426 | 144 | 6157 | 489 | 52109 | 58266 | 4029 | 14 | 1131 |
| 12 | रायगढ़ | 441 | 57957 | 94 | 10634 | 473 | 39194 | 49828 | 7331 | 17 | 798 |
| 13 | कोरबा | 387 | 51730 | 54 | 4071 | 487 | 41755 | 45826 | 5395 | 5 | 509 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 363 | 52780 | 28 | 7089 | 704 | 39125 | 46214 | 5889 | 12 | 677 |
| 15 | मुंगेली | 225 | 22140 | 18 | 834 | 347 | 17615 | 18449 | 3544 | 11 | 147 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 151 | 10766 | 10 | 610 | 226 | 7782 | 8392 | 2255 | 10 | 119 |
| 17 | सरगुजा | 275 | 28968 | 23 | 3103 | 332 | 21143 | 24246 | 4506 | 2 | 216 |
| 18 | कोरिया | 419 | 22784 | 10 | 1389 | 720 | 16028 | 17417 | 5228 | 3 | 139 |
| 19 | सूरजपुर | 436 | 24584 | 9 | 1762 | 316 | 17317 | 19079 | 5333 | 5 | 172 |
| 20 | बलरामपुर | 329 | 16748 | 6 | 1348 | 131 | 11689 | 13037 | 3611 | 0 | 100 |
| 21 | जशपुर | 306 | 22770 | 79 | 3771 | 411 | 14921 | 18692 | 3921 | 0 | 157 |
| 22 | बस्तर | 168 | 17488 | 6 | 3870 | 80 | 11601 | 15471 | 1858 | 1 | 159 |
| 23 | कोंडागांव | 115 | 11270 | 16 | 1515 | 65 | 8759 | 10274 | 909 | 0 | 87 |
| 24 | दंतेवाडा | 70 | 9012 | 105 | 3884 | 46 | 4625 | 8509 | 484 | 0 | 19 |
| 25 | सुकमा | 24 | 5452 | 43 | 3003 | 21 | 2161 | 5164 | 273 | 0 | 15 |
| 26 | कांकेर | 136 | 21902 | 30 | 2980 | 367 | 16044 | 19024 | 2682 | 1 | 196 |
| 27 | नारायणपुर | 36 | 3166 | 3 | 2249 | 1 | 566 | 2815 | 341 | 0 | 10 |
| 28 | बीजापुर | 31 | 5476 | 17 | 2834 | 33 | 2231 | 5065 | 380 | 0 | 31 |
| 0 | अन्य राज्य | 1 | 679 | 0 | 541 | 0 | 0 | 541 | 19 | 13 | 119 |
| | महायोग | 5680 | 931211 | 1366 | 144765 | 8082 | 688396 | 833161 | 85868 | 146 | 12182 |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

